# भर्ती हेतु सूचना

## एनएचएसआरसी में प्रमुख परामर्शदाता–स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को रणनीति विकास, राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोजना और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, आपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपलब्ध क्रियान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। विविध क्षेत्र के लोगों की टीम के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणालियों, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य आयोजना और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और प्रसार कर सकेंगे। यह, स्वास्थ्य प्रणाली के व्यापक सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला और उप–जिला कार्यान्वयन से सीख लेने, जानकारी का उपयोग करने, और स्वास्थ्य सेवाओं के सार्वजनीकरण की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

यह पद पूर्णतः संविदा आधार पर विशिष्ट रूप से प्रमुख परामर्शदाता–स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी (एक पद) के लिए है।

### भूमिका एवं दायित्वः

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और आयुष्मान भारत की वर्तमान प्राथमिकताओं के अनुसार कार्य योजना तैयार करने और उसे कार्यान्वित करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी प्रभाग का नेतृत्व करना।
- निःशुल्क निदान, जैव चिकित्सा उपकरण रखरखाव और प्रबंधन तथा डायलिसिस कार्यक्रम जैसे प्रौद्योगिकी गहन स्वास्थ्य कार्यक्रमों और नई पहलों के राज्य स्तरीय कार्यान्वयन में सहयोग प्रदान करने के लिए टीम का नेतृत्व करना।
- नीतिगत जानकारी प्रदान करने के लिए विभिन्न राज्यों/जिलों के फील्ड समीक्षा दौरों से साक्ष्य एकत्र करना और उनका विश्लेषण करना तथा उचित बदलावों की पैरवी करना।
- संरचित फील्ड दौरों और ऑनलाइन प्लेटफार्मों का उपयोग करते हुए राज्य की टीमों के साथ सतत वार्ता के माध्यम से प्रगति की निगरानी करना।
- चिकित्सा उपकरणों में प्रौद्योगिकी उन्नयन संबंधी नए बदलावों को ध्यान में रखते हुए नीति और कार्यक्रम के लिए आवश्यक संशोधनों का आंकलन करने के लिए राज्यों के साथ गहन संपर्क में कार्य करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और अन्य हितधारकों को क्षेत्र के लिए सुसंगत उभरती प्रौद्योगिकियों पर सिफारिशें प्रस्तुत करना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य नवाचार पोर्टल में चिह्नित स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी नवाचारों की पहचान, मूल्यांकन और अपनाने में सहयोग करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुरोधों के आधार पर स्वास्थ्य उत्पादों का उच्च गुणवत्ता मूल्यांकन करना/आरंभ कराना।
- एनएचएम के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कार्यक्रम प्रभागों के साथ कार्य करना।
- आवश्यकतानुसार बैठकों में प्रभाग का प्रतिनिधित्व करने, पैरवी करने, राज्य के फील्ड दौरों से साक्ष्य प्रस्तुत करने आदि के द्वारा केंद्रीय स्तर पर वरिष्ठ नीति निर्माताओं के साथ संपर्क स्थापित करना।

- टीम के सदस्यों को प्रशिक्षित करना और सहयोग प्रदान करना, तथा व्यक्तिगत दायित्व निर्धारित करने, कार्यनिष्पादन मूल्यांकनों और टीम की बैठकों का संचालन करने से संबंधित कार्यों में सलाहकार की सहायता करना।
- कार्यकारी निदेशक द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।
- आवश्यकतानुसार एनएचएसआरसी, आरआरसी–एनई के अन्य प्रभागों और अन्य हितधारकों के साथ गहन संपर्क में कार्य करना।

**योग्यता और अनुभवः**

- विज्ञान / चिकित्सा / जनस्वास्थ्य / जैव चिकित्सा इंजीनियरिंग / प्रबंधन में स्नातक या उच्चतर योग्यता।
- स्वास्थ्य सेवाएं, उद्योग, विनिर्माण, अस्पताल प्रशासन या इनके मिले–जुले क्षेत्र में योग्यता उपरांत न्यूनतम 10 वर्षों का कार्य अनुभव।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने की इच्छा और सौंपे गए कार्यों को समय–सीमाओं के भीतर पूरा करने के लिए एक साथ अलग–अलग कार्य करने की क्षमता।
- कंप्यूटर कौशलः एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट जैसे आम तौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों में प्रवीणता। डेस्क अनुसंधान, साहित्य समीक्षा और अन्य सुसंगत दस्तावेजों का उपयोग करने के लिए इंटरनेट का उपयोग करने की क्षमता।
- सटीक, स्पष्ट तकनीकी रिपोर्ट लिखने की योग्यता सहित अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- उत्कृष्ट संप्रेषण, प्रस्तुति कौशल और अंतर्वैयक्तिक क्षमताओं सहित बहु–अनुशासनात्मक टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।

*उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशन या सुसंगत कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों के मामले में औपचारिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।*

**आयु सीमाः** अधिकतम 50 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)

**कार्य स्थलः** नई दिल्ली

**संविदा की अवधिः** एक वर्ष

**परामर्शी शुल्क की सीमाः** 1,30,000 / – रु. से 1,70,000 / – रु. तक।

** योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उपर्युक्त सीमा में शुल्क का निर्धारण किया जाएगा।*

- इस साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों को एनएचएसआरसी में समान दक्षता वाले और उपयुक्त स्तर के अन्य रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विचार किया जा सकता है।

**आवेदन करने के लिएः** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड की गई भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **01 अक्टूबर, 2020 तक nhsrc.delhi@gmail.com** पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में या प्रभावित करने की भावना से किसी अन्य माध्यम से प्रस्तुत किए गए आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।